युवा संसद वाद–विवाद प्रतियोगिता 2026 में विश्वविद्यालय के NSS स्वयंसेवकों की सहभागिता

दिनांक 31 जनवरी 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के दो सक्रिय स्वयंसेवक प्रशान्त चौधरी एवं प्रभात राय ने दैनिक जागरण के तत्वावधान में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित युवा संसद वाद–विवाद प्रतियोगिता–2026 में सहभागिता की। उक्त प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय प्रक्रियाओं की समझ, तार्किक अभिव्यक्ति तथा राष्ट्रीय-सामाजिक विषयों पर सकारात्मक विमर्श को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने अनुशासित, तथ्यपरक एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।